# अगर सलमान के ब्रेसलेट का इंस्टाग्राम पेज होता तो उसके फॉलोअर्स भी मुझसे ज्यादा होतेः टायगर

टाइगर श्रॉफ के फिल्म इंडस्ट्री में आए महज 6 साल हुए हैं लेकिन उनके खाते में कई बड़ी सफल फिल्में दर्ज हैं। इतना ही नहीं उनकी काफी बड़ी फैन फॉ लोइंग भी है। अगर टाइगर श्रॉफ की ऐक्शन फिल्म है तो आप थिअटर में उनके फैंस का जोश देखने लायक होता है। यह बात सबको पता है कि टाइगर रितिक रोशन के बहुत बड़े फैन हैं। अब सुपरस्टार सलमान खान के बारे में भी उन्होंने कुछ कहा है। बीते साल टाइगर श्रॉफ ने ब्लॉकबस्टर फिल्म वॉर दी थी। इसमें वह रितिक रोशन के साथ थे। इस साल उनकी फिल्म बागी 3 रिलीज हुई है। हालांकि फिल्म को बागी 2 जैसा रिस्पॉन्स तो नहीं मिला लेकिन उनके फैंस को यह फिल्म काफी पसंद आई। कोरोना वायरस फैलने का असर भी फिल्म पर दिखा और यह 100 करोड़ तक भी नहीं पहुंच पाई। बागी 3 की रिलीज के पहले उन्होंने ने एक इंटरव्यू दिया था जो अब वायरल हो रहा है। इसमें टाइगर सलमान खान के स्टारडम पर बात कर रहे हैं। टाइगर सलमान खान को बॉलिवुड का शेर बताते हैं। बॉलिवुड हंगामा के इस इंटरव्यू में टाइगर श्रॉफ कहते हैं कि अगर सलमान के ब्रेसलेट का भी इंस्टाग्राम पेज बन जाए तो इसके फॉलोअर्स भी टाइगर से ज्यादा हो जाएंगे।

# मेरे और मधुरिमा के बीच कोई दुश्मनी नहीं : विशाल आदित्य

पूर्व युगल (एक्स कपल) विशाल आदित्य सिंह और मधुरिमा तुली ने रियलिटी टीवी शो नच बलिए और बिग बॉस-13 के मंच पर अपने झगड़ों को लेकर काफी सुर्खियां बटोरीं हैं। एक-दूसरे को गाली देने से लेकर शारीरिक हिंसा में शामिल होने तक दोनों अक्सर विवादों के साथ सुर्खियों में रहे। ऐसा लगता है कि अब दोनों अपने झगड़ों के दौर से आगे बढ़ चुके हैं। विशाल ने में मधुरिमा के साथ अपने हालिया संबंधों के बारे में बात की।उन्होंने कहा, मेरे दिल में उसके लिए कोई घृणा नहीं है। हम अभी भी दोस्त हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम रोज मिलते हैं या रोज बात करते हैं। हम अपने झगड़े से आगे बढ़ गए हैं। हम अब परिपच व्यवहार करते हैं। उसके लिए कटु भावनाएं नहीं है और मधुरिमा और मेरे बीच कोई दुश्मनी नहीं है। विशाल ने यह भी बताया कि बिग बॉस-13 के बाद उनका जीवन कैसे बदल गया है। उन्होंने कहा, मैं उस शो का हिस्सा बनकर धन्य महसूस करता हूं। अब अधिक लोग मुझे जानते हैं। मेरी पहुंच बढ़ गई है।

# रणवीर सिंह ने शेयर कीं जिंदगी के बेस्ट मोमेंट्स की तस्वीरें, कैप्शन भी मजेदार

बॉलिवुड ऐक्टर रणवीर सिंह को फैंस अलग-अलग नामों से बुलाते हैं। उनके फैशन सेंस को भी लोग अजीबोगरीब लेकिन स्टाइलिश बताते हैं। हालांकि, एक शब्द जिसे ऐक्टर आज के समय में रीडिफाइन किया है, वह एक्स्ट्रा।

फैशन का सिलेक्शन हो, पब्लिक आउटिंग्स में उनकी एनर्जी हो, उनके सोशल मीडिया कैप्शन्स हों या उनके पीडीए, रणवीर की हर चीज ज्यादा होती है जिसके लिए फैंस उन्हें काफी पसंद करते हैं। इस बार ऐक्टर ने कोरोना वायरस सेल्फ-क्वॉरेंटीन के बीच कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। रणवीर ने इंस्टाग्राम पर एक, दो नहीं बल्कि पूरे फोटोज शेयर किए हैं। ये पिक्चर्स उनके जीवन के अलग-अलग फेज की हैं। उन्होंने अपनी जिंदगी के बेहतरीन मोमेंट्स को साझा किया है। यही नहीं, इन तस्वीरों पर मजेदार कैप्शन भी दिए हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो रणवीर जल्द ही 83 में नजर आएंगे। डायरेक्टर कबीर खान की इस फिल्म में दीपिका पादुकोण भी दिखेंगी।

# घर की छत पर वर्कआउट करने पर मजबूर हुईं कटरीना

कोरोनावायरस ने लोगों को भाग दौड़ की लाइफ से छुटी देते हुए उन्हें घर पर रहने केलिए मजबूर कर दिया है। आम लोगों के साथ-साथ अब फिल्म सितारे भी काम से छुट्टियां लेकर घर पर आराम फरमा रहे हैं, लेकिन जिसे अपनी सेहत से प्यार है वो घर पर भी आराम नहीं कर रहीं। जी हाँ यहाँ हम बात कर रहे हैं बॉलीवुड की सबसे हाई पैड अभिनेत्री कैटरीना कैफ की। कोरोनावायरस के चलते जिम बंद हो चुके हैं इसलिए कैटरीना कैफ ने अपने घर की छत पर ही एक्सरसाइज करनी शुरू कर दी है और किसी भी कीमत पर अपने वर्कआउट रूटीन को वो छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। इस तरह कैटरीना कैफ का यह एक्सरसाइज वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ ने अपने इस वीडियो के साथ लिखा है, घर पर वर्कआउट...जिम नहीं जा सकती इसलिए वह वर्कआउट शेयर कर रही हूं जो हम घर पर कर सकते हैं। सुरक्षित रहें और हो सके तो एक्टिव भी रहें। कैटरीना कैफ ने यह भी बताया है कि घर पर रहकर किस तरह की एक्सरसाइज की जा सकती है।

# कलाकार के स्टीरियोटाइप्स को तोड़ने में मदद करती है बेहतर कास्टिंग : मेहर विज



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

स्पेशल ओप्स वेब सीरीज में गुप्त एजेंट बनीं अभिनेत्री मेहर विज का कहना है कि बेहतर कास्टिंग और असामान्य किरदार ही ऐसी चीजें हैं, जो उनकी बहुमुखी प्रतिभा को साबित करने और स्टीरियोटाइप्स को तोड़ने में मदद कर सकती हैं। साल 2017 में आई उनकी फिल्म सीक्रेट सुपरस्टार में मेहर ने दो बच्चों की मां की भूमिका निभाई थी, जिसे काफी पसंग किया गया, लेकिन उनका दावा है कि उन्हें सीक्रेट सुपरस्टार के बाद उसी तरह की भूमिका की स्क्रिप्ट मिलनी शुरू हो गई, जिसकी वजह से वह काफी दिनों तक नए प्रोजेक्ट्स से दूर रहीं।

इस बारे में मेहर ने कहा, मुझे लगता है कि यह वह समय है जब हम महिला कलाकार न केवल एक अभिनेत्री की छवि के साथ प्रयोग कर रहे हैं, बल्कि किसी भी उम्र का किरदार भी निभाने से नहीं डर रहे हैं। आप देख सकते हैं कि किस तरह तापसी (पन्नू) अपनी फिल्मों में अलग-अलग किरदार निभा रही हैं। मुझे याद है कि जब मैंने सीक्रेट सुपरस्टार में एक मां की भूमिका निभाई थी, तो कई लोगों ने मुझसे कहा था कि कम उम्र में मां की भूमिका निभाने से मुझे टाइपकास्ट किया जा सकता है, क्योंकि अभिनेत्री के करियर की अवधि कम होती है। लेकिन जब मैंने स्क्रिप्ट देखा तो मैं रो रही थी! मैं इस तरह के किरदार को कैसे जाने दे सकती थी। हालांकि, मेहर ने अपने करियर की शुरुआत साल 2003 में अनुराग बासु की फिल्म साया से की थी, लेकिन उन्हें लोकप्रियता साल 2015 में आई फिल्म बजरंगी भाईजान से मिली।

अभिनेत्री ने आगे कहा, मुझे मेरे पुराने किरदारों जैसे कई भूमिकाओं की पेशकश की गई थी। मुझे लगता है कि इंडस्ट्री में जो लोग टाइपकास्ट कलाकार हैं, उन्हें क्रिएविटी के क्षेत्र में विकसित होने की आवश्यकता है। किसी कलाकार की अभिनय क्षमता को देखने के लिए किसी को अपनी कल्पना को ऊंचा उठाने की आवश्यकता है। यदि हमें अवसर नहीं दिया जाएगा, तो हम अपनी बहुमुखी प्रतिभा को कहां प्रदर्शित करेंगे? मुझे खुशी है कि मुझे वेब शो स्पेशल ओप्स में बहुत अलग भूमिका निभाने का मौका मिला।

# जैकलिन ने हॉट योग वीडियो से इंस्टाग्राम पर लगाई आग

बॉलीवुड स्टार जैकलिन फर्नांडीस ने अपने सप्ताह की शुरुआत योग से की है। बी-टाउन की हॉटी ने इंस्टाग्राम पर कुछ वीडियो साझा किया है, जिसमें वह योग करती नजर आ रही हैं, साथ ही वीडियो में बैकग्राउंड में म्यूजिक भी बज रहा है। शॉर्ट गुलाबी रंग के फ्रॉक में जैकलिन काफी प्यारी लग रही हैं। वीडियो के कैप्शन में जैकलिन ने लिखा है, स्ट्रेच (खिंचाव) रीढ़ को मजबूत स्वस्थ व खुश रखता है। कहीं भी कभी भी योग के पोज मुझे अच्छे लगते हैं।



वहीं दूसरे वीडियो में वह गहरी सांस लेते हुए नजर आ रही हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, ध्यान रखें कि आप कुछ सुकूनभरे संगीत के साथ गहरी सांस लेंउनके इस वीडियो पर उनके प्रशंसकों की कमेंट की बाढ़ आ गई है।

# अब समझदारी से काम लेने में ही शालीनता हैःमोनिका डोगरा



भारतीय-अमेरिकी गायिका और संगीतकार मोनिका डोगरा ने दुनियाभर में कोविड-19 के प्रकोप पर अपनी चिंता व्यक्त की। मोनिका ने कहा, जिंदगी में एक ऐसा बुरा वक्त कभी न कभी जरूर आता है, जब हमारी सामान्य गतिविधि बाधित हो जाती है, तब हम सभी एक ही शैली में एक ही तरह का काम करने लगते हैं। कोविड-19 ने दिखा दिया कि हम कितने नाजुक हैं। कोविड-19 हम सभी को अपने रिश्ते पर काम करने और उन्हें सुधारने की चुनौती दे रहा है और सबसे जरूरी बात यह हमें हमारी धरती पर गौर फरमाने की बात कर रहा है।

मोनिका ने आगे कहा, मेरा संदेश इस मुसीबत को विनम्रतापूर्वक स्वीकार करना है, जिसे हमने अपनी नासमझी से अपनी ओर आकर्षित किया है। इंसान जिस कदर गलत तरीके से अपनी जिंदगी को जीता है, ऐसे में अब समझदारी से काम लेने में ही शालीनता है।

इस बीच, मोनिका उनकी हालिया गीत सीक्रेट सॉस पर लोगों की प्रतिक्रिया को देखते हुए बेहद खुश हैं। इसे मोनिका ने खुद लिखा है और इसके साथ ही उन्होंने इस पर परफॉर्म भी किया है। मोनिका के मुताबिक, यह उनके लिए एक खास परियोजना है, क्योंकि इस गीत को बनाने के लिए वह अंतर्राष्ट्रीय बीटमेकर और सोका म्यूजिक के निर्माता केशव चंद्रदथ सिंह संग जुड़ी हैं। इस गाने के वीडियो को ऑनलाइन जारी कर दिया गया है और इसमें मोनिका के साथ बॉलीवुड अभिनेता प्रतीक बब्बर भी हैं।